

संस्कृत पाठमाला ३

राहुल सांकृत्यायन

श्री विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला २७

॥ श्रीः ॥

संस्कृत पाठमाला

तृतीय पुस्तक

लेखकः—

महापण्डित राहुल सांकृत्यायन

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-१

१९६७

प्रकाशक : चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी

मुद्रक : विद्याविलास प्रेस, वाराणसी

संस्करण : द्वितीय, वि० संवत् २०२४

मूल्य—

प्रथम पुस्तक ०–६० द्वितीय पुस्तक ०–८५ तृतीय पुस्तक ०–८५

चतुर्थ पुस्तक ०–८५ पञ्चम पुस्तक १–०० १–५ पुस्तक ४–१५

Phone : 3076

प्रधान कार्यालय :—

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

गोपाल मन्दिर लेन,

पो० आ० चौखम्बा, पोस्ट बाक्स नं० ८, वाराणसी–१

-८५
-१५

दो शब्द

३० वर्ष पहिले १९२६ ई० में मैं बौद्धधर्मके अध्ययन-के लिये सिंहल (श्री लङ्का) गया था। उस समय विद्यालंकार परिवेण (विहार) में रहते वहाँके भिक्षुओंको संस्कृत पढ़ाने लगा। सभी जगहोंके विद्यार्थियोंकी तरह वहाँके विद्यार्थी भी संस्कृत भाषासे बहुत डरते थे। उन्हें सुगम रास्तेसे ले जानेके लिये ये पाँच पोथियाँ लिखी गईं, जिनमें पाँचवींमें छन्द और अलंकार भी रख दिये गये। विद्यार्थियोंको ये बहुत सुगम प्रतीत हुईं। इन्हें सिंहल भाषा और सिंहल लिपिमें उसी समय छापा गया। अब तक इनके कितने ही संस्करण छप चुके हैं। मित्रोंने इन्हें हिन्दीके साथ छापनेके लिये कहा। पूर्ववत् छापना अच्छा न समझ मैंने बहुतसे परिवर्तन कर दिये। कितने ही नये उद्धरण दिये, और इनका रूप पाठमालाका बना दिया।

पाठक पहिली बार व्याकरणवाले भागको छोड़ सकते हैं। हाँ, पाठको कई बार दुहराना चाहिये।

चौखम्बा संस्कृत ग्रन्थमाला एवं चौखम्बा विद्याभवनके स्वामी तथा संस्कृत ग्रन्थोंके सबसे बड़े उद्धारक और प्रचारक बाबू जयकृष्णदासजी गुप्तने बड़ी प्रसन्नता और तत्परतासे इनके प्रकाशनका भार अपने ऊपर लिया। यदि संस्कृतके सार्वजनीन प्रसारमें इनसे सहायता मिली, तो मैं अपने प्रयत्नको सफल समझूँगा।

मसूरी १३–२–५६ राहुल सांकृत्यायन

तृतीय पुस्तक

प्रथमः पाठः

विदूषकः—एष आर्य चारुदत्तः । तद् यावत् सांप्रतं उपसर्पामि । (उपसृत्य) स्वस्ति भवते ।

चारुदत्तः—अये, सर्वकालमित्रं मैत्रेयः प्राप्तः । सखे, स्वागतं, उपविशतु ।

विदूषकः—यद् भवान् आज्ञापयति । (उपविश्य) भो वयस्य, एष ते प्रियवयस्येन जीर्णवृद्धेन जातीकुसुमवासितः प्रावारकः प्रेषितः (प्रावारकं समर्पयति) ।

चारुदत्तः—(गृहीत्वा सचिन्तः स्थितः) ।

विदूषकः—भो, इदं किं चिन्तयसि ?

चारुदत्तः—वयस्य, ।

सुखं हि दुःखान्यनुभूय शोभते, घनान्धकारेष्विव दीपदर्शनम् ।
सुखात् तु यो याति नरो दरिद्रतां, धृतः शरीरेण मृतः स जीवति ।।

विदूषकः—भो वयस्य, मरणाद् दारिद्र्याद् वा कतरत् ते प्रियम् ?

चारुदत्तः—वयस्य, ।

दारिद्र्यान् मरणाद् वा मरणं मम रोचते न दारिद्र्यम् ।
अल्पक्लेशं मरणं दारिद्र्यमनन्तकं दुःखम् ।।

विदूषकः—भो वयस्य, अलं सन्तापेन । प्रियजनेभ्यो धनं दत्वा तव धनपरिक्षयः प्रतिपच्चन्द्रस्य इव अधिकतरं रमणीयम् ।

चारुदत्तः—वयस्य, न मम धनं प्रति सन्तापः, पश्य—

सत्यं न मे विभवनाशकृताऽस्ति चिन्ता,
भाग्यक्रमेण हि धनानि भवन्ति यान्ति ।

एतत् तु मां दहति नष्टधनाश्रयस्य,
यत् सौहृदादपि जनाः शिथिलीभवन्ति ॥

तद् वयस्य पूजिता मया गृहदेवताः, गच्छ त्वमपि चतुष्पथे देवीरर्चय।

विदूषकः—न गमिष्यामि।

चारुदत्तः—किमर्थम् ?

विदूषकः—यतः एवं पूज्यमाना अपि देवता न प्रसीदन्ति, तत् को गुणो देवतार्चने ?

चारुदत्तः—वयस्य, मा मा एवं। गृहस्थस्य अयं धर्मः, तद् गच्छ देवीरर्चय।

विदूषकः—भो, न गमिष्यामि, अन्यः कोऽपि गच्छतु। मम च ब्राह्मणस्य कृतं सर्वमेव विपरीतं भवति, आदर्शे छाया इव वामतो दक्षिणा दक्षिणतो वामा। अन्यच्च, एतस्यां प्रदोषवेलायां इह राजमार्गे गणिका विटाः चेटा राजपुरुषाश्च संचरन्ति। तस्मात् मंडूकान्वेषिणः कालसर्पस्य संमुखं गत इदानीं मूषिक इव भविष्यामि। —मृच्छकटिक (शूद्रक) अंक १

विचुक्रुशुर्भूमिपतेर्महिष्यः, केशान् लुलुंचुः स्ववपूंषि जघ्नुः।
विभूषणान्युन्मुमुचुः तदा, च पेतुर्बभंजुर्वलयानि चैव। —भट्टी

[विदूषक—यह आर्य चारुदत्त हैं, सो अब पास चलता हूँ। (पास जा) स्वस्ति हो आपकी।

चारुदत्त—अहो, सब समयके मित्र मैत्रेय आये ? सखे, स्वागत, बैठें।

विदूषक—जो आप आज्ञा देते हैं। (बैठ कर) हे मित्र, तेरे प्रियमित्र बूढ़ेने यह जूहीके फूलसे वासित चादर भेजी है। (चादरको देता है।)

चारुदत्त—(ले कर चिन्ता के साथ खड़ा रहा।)

विदूषक—हे, यह क्यों चिन्ता करते हो ?

चारुदत्त—मित्र,।

दुःखके अनुभव करने (के बाद) ही सुख सुहाता है, जैसे घने अन्धकारमें दीपका दर्शन।

सुखसे जो नर दरिद्रताको प्राप्त होता है, वह शरीर धरे भी मरा (सा) जीता है ।

विदूषक—हे मित्र, मरण और दरिद्रतामेंसे कौन तुझे अधिक प्रिय है ?

चारुदत्त—मित्र, ।

दरिद्रता और मरणमेंसे मुझे मरण पसन्द है, दरिद्रता नहीं ।
मरण थोड़े क्लेशवाला है, दरिद्रता न अन्त होनेवाला दुःख है ॥

विदूषक—हे मित्र, सन्ताप छोड़ो प्रियजनोंको दे कर तुम्हारे धनका नाश प्रतिपदाके चन्द्रकी तरह अधिकतर रमणीय है ।

चारुदत्त—मित्र, मुझे धनके लिये सन्ताप नहीं, देख—

सचमुच विभव के नाशके लिये मुझे चिन्ता नहीं है,
भाग्यके फेरसे धन होता है, जाता है ।
मुझे (तो) यह (बात) जलाती है, कि धन–आश्रयसे नष्ट हुये की
मित्रतासे भी लोग शिथिल हो जाते हैं ।

(अच्छा) तो मित्र, मैंने देवता पूज लिये, जा तू भी चौरस्ते पर देवियोंको पूजा दे आ ।

विदूषक—नहीं जाऊँगा ।

चारुदत्त—किस लिये ?

विदूषक—क्योंकि इस प्रकार पूजे जाते भी देवता नहीं प्रसन्न होते, फिर देवता-अर्चनासे क्या लाभ ?

चारुदत्त—मित्र, नहीं ऐसा नहीं । गृहस्थका यह धर्म है । सो जा देवियोंको पूज आ ।

विदूषक—हे, नहीं जाऊँगा, दूसरा कोई जावे । और मुझ ब्राह्मणका किया सभी उलटा होता, जैसे आरसीमें प्रतिबिंब बायें (अंग) का दाहिने, दाहिनेका बायें । और यह भी, कि इस प्रदोषके समय यहाँ सड़कपर वेश्यायें, भंडुए, दास, सरकारी अफसर घूमते हैं । इस लिये मेंढ़क ढूँढ़नेवाले काले साँपके सामने गये चूहेकी तरह इस समय मैं हो जाऊँगा ।

[राजा (दशरथ) की रानियोंने क्रन्दन किया, केश नोचे, अपनी देहको पीटा, आभूषणोंको निकाल फेंका, पछाड़ खाया, चूड़ियोंको तोड़ा ।]

सांप्रतं (इस समय) उपसर्पामि (पास जाता हूँ) स्वस्ति (मंगल) स्वागतं (स्वागत) जीर्णवृद्धः (नाम है) जाती (जूही) प्रावारकः (चादर, शाल) समर्पयति (देता है) अनुभूय (अनुभव करके) कतरत् (दोमेंसे कौन) क्लेशः (दुःख) प्रतिपद् (परवा) विभवः (धन, ऐश्वर्य) नाशकृते (नाशके लिये) सौहृदं (मित्रता) प्रदोषः (प्रभात, गोधूली) राजमार्गः (सड़क) गणिका (वेश्या) विटः (भंडुआ) चेटः (दास) अन्वेषी (ढूँढ-नेवाला) विचुक्रुशुः (चिल्लाई, लिट् १. ३) महिषी (रानी) लुलुंचुः (नोचा, लिट्) जघ्नुः (पीटा, लिट्) पेतुः (गिरीं, लिट्) वलयः (चूड़ी)।

भू (होना) धातु अकर्मक, परस्मैपदी सेट् भ्वादिगणी भू *

लट् (वर्तमान काल)

भवति	भवतः	भवन्ति
भवसि	भवथः	भवथ
भवामि	भवावः	भवामः

भू + अ + ति = भो + अ + ति = भव् + अ + ति = भवति (है)।

लिट् (अति परेका भूत)

बभूव	बभूवतुः	बभूवुः
बभूविथ	बभूवथुः	बभूव
बभूव	बभूविव	बभूविम

भू + अ = भू + व = भू + भू + व = बभूव (हुआ था)

लुट् (आसन्न भविष्य)

भविता	भवितारौ	भवितारः
भवितासि	भवितास्थः	भवितास्थ
भवितास्मि	भवितास्वः	भवितास्मः

भू + ता = भू + इ + ता = भो + इ + ता = भविता (होने वाला)

* एक से रूपोंवाले धातुओंको एक-एक गण (समूह) में एकत्रितकर वैयाकरणों ने संस्कृत धातुओंको नौ गणोंमें बाँटा है। जिनमें पहिला गण है भ्वादि।

लृट् (सामान्य भविष्य)

भविष्यति	भविष्यतः	भविष्यन्ति
भविष्यसि	भविष्यथः	भविष्यथ
भविष्यामि	भविष्यावः	भविष्यामः

भू + स्य + ति = भू + इ + स्य + ति = भो = इ + स्यति = भविष्यति (होगा)।

लोट् (आज्ञामें)

भवतु, भवतात्	भवताम्	भवन्तु
भव, भवतात्	भवतम्	भवत
भवानि	भवाव	भवाम

भू + अ + तु = भो + अ + तु = भवतु (होवे)।

लङ् (आज छोड़ पहिलेका भूत काल)

अभवत्	अभवताम्	अभवन्
अभवः	अभवतम्	अभवत
अभवम्	अभवाव	अभवाम

अ + भू + अ + त् = अ + भो + अ + त् = अ + भव् + अ + त् = अभवत् (हुआ)।

विधि लिङ् [विधि (आदेश) करनेमें]

भवेत्	भवेताम्	भवेयुः
भवेः	भवेतम्	भवेत
भवेयम्	भवेव	भवेम

भू + ए + त् = भो + ए + त् = भवेत् (होवे)

अट् (गमन, घूमना) के सारे रूप भू जैसे होते हैं, केवल लिट् में निम्न रूप हैं—

आट	आटतुः	आटुः
आटिथ	आटथुः	आट
आट	आटिव	आटिम

अट् + अ = अट् + अट् + अ = अ + अट् + अ = आट (घूमता था, पर्यटन करता था)

लङ्—आटत् आटताम् आटन्

ऐसे ही निम्न धातुओंके रूप हैं—

लट् (प्रथम पुरुष एकवचन)	लिट् एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
चित्—चेतति (चेतता है)	चिचेत	चिचेततुः	चिचेतुः
अर्च—अर्चति (पूजता है)	आनर्च	आनर्चतुः	आनर्चुः
मन्थ्—मन्थति (मथता है)	ममन्थ	ममन्थतुः	ममन्थुः
खाद्—खादति (खाता है)	चखाद		
गद्—गदति (बोलता है)	जगाद		
नद्—नदति (नाद करता है)	ननाद		
निंद्—निन्दति (निन्दता है)	निनिन्द		
तर्ज्—तर्जति (डराता है)	ततर्ज		
गुंज्—गुंजति (गुनगुनाता है)	जुगुंज		
गर्ज—गर्जति (गरजता है)	जगर्ज		
कूज—कूजति (कूजता है)	चुकूज		
मूर्छ्—मूर्छति (मुरछाता है)	मुमूर्छ		
व्रज्—व्रजति (जाता है)	वव्राज		
ज्वल—ज्वलति (जलता है)	जज्वाल		
वद्—वदति (बोलता है)	उवाद	ऊदतुः	ऊदुः प्र० पु०
	उवदिथ	ऊदथुः	ऊद म० पु०
	उवद	ऊदिव	ऊदिम उ० पु०
वह्—वहति (वहता है)	उवाह	ऊहतुः	ऊहुः
वांछ्—वांछति (चाहता है)	ववांछ	ववांछतुः	ववांछुः
बुक्क—बुक्कति (भूंकता है)	बुबुक्क	बुबुक्कतुः	बुबुक्कुः
रट्—रटति (रटता है)	रराट	रेटतुः	रेटुः

—∞○∞—

द्वितीयः पाठः

चारुदत्तः—(वसन्तसेनां प्रति) रदनिके, प्रदोषसमयः शीतार्तो रोहसेनः, ततः प्रवेशय एतं आभ्यन्तरं, एतेन प्रावारकेण छादय एनम्। (गति प्रावारकं प्रयच्छति।)

वसन्तसेना—(स्वगतं) कथं परिजन इति मां अवगच्छति ? (प्रावारकं गृहीत्वा समाघ्राय च स्वगतं सस्पृहं) आश्चर्यं, जातीकुसुमवासितः प्रावारकः, अनुदासीनं अस्य यौवनं प्रतिभाति।

चारुदत्तः—ननु रदनिके, रोहसेनं गृहीत्वा आभ्यन्तरं प्रविश।

वसन्तसेना—(स्वगतं) मन्दभागिनी खलु अहं तव आभ्यन्तरं गन्तुम्।

चारुदत्तः—ननु रदनिके, प्रतिवचनं अपि नास्ति ? कष्टं—

यदा तु भाग्यक्षयपीडितां दशां, नरः कृतान्तोपहितां प्रपद्यते।
तदास्य मित्राण्यपि यान्त्यमित्रतां, चिरानुरक्तोऽपि विरज्यते जनः॥

(विदूषकः रदनिका च उपसृत्य)

विदूषकः—भो, इयं सा रदनिका।

चारुदत्तः—इयं सा रदनिका। इयं अपरा का ?
अविज्ञातावसक्तेन दूषिता मम वाससा।

वसन्तसेना—(स्वगतं) ननु भूषिता।

चारुदत्तः—छादिता शरदभ्रेण चन्द्रलेखेव दृश्यते।
अथवा न युक्तं परकलत्रदर्शनम्।

विदूषकः—भो, अलं परकलत्रदर्शनशंकया। एषा वसन्तसेना कामदेव-महोत्सवात् प्रभृति त्वां अनुरक्ता।

चारुदत्तः—अये, इयं वसन्तसेना !

विदूषकः—भो वयस्य, एष खलु राजश्यालो भणति।

चारुदत्तः—किम् ?

विदूषकः—एषा ससुवर्णा सहिरण्या वसन्तसेना नाम गणिकादारिका कामदेवमहोत्सवात् प्रभृति त्वामनुरक्ता, अस्माभिः बलात्कारेण अनुगम्यमाना तव गेहं प्रविष्टा। तद् इमां अस्माकं हस्ते समर्पय, अन्यथा आमरणान्तकं वैरं भविष्यति।

वसन्तसेना—(स्वगतं) 'बलात्कारेण अनुगम्यमाना' इति अलंकृताऽस्मि एतैः अक्षरैः।

चारुदत्तः—(सतिरस्कारं) मूर्खः सः। (स्वगतं) अये, कथं देवैरपि स्पृहणीया युवतिरियं। (प्रकाशं) भवति वसन्तसेने, अनेन अविज्ञानात् परिजनोपचारेण अपराद्धः शिरसा भवतीं अनुनयामि।

वसन्तसेना—एतेन अहमेव अपराद्धा, आर्यं शिरसा प्रणम्य प्रसादयामि।

विदूषकः—भो, द्वावपि युवां कलमकेदारौ इव अन्योन्यं शिरसा शिरः समागतौ, अहमपि अनेन स्वशिरसा द्वावपि प्रसादयामि (इति उत्तिष्ठति।)

वसन्तसेना—(स्वगतं) न युक्तं अद्य ईदृशया आगतया इह मया प्रतिवस्तुं इति। (प्रकाशं) आर्य, यदि एवं अहं आर्यस्य अनुग्राह्या, तद् इच्छामि इमं अलंकारं आर्यस्य गेहे स्थापयितुम्। अलंकारस्य निमित्तं एते पापा मां अनुबध्नन्ति।

चारुदत्तः—अयोग्यमिदं न्यासस्य गृहम्।

वसन्तसेना—आर्य, अलीकं, पुरुषेषु न्यासा निक्षिप्यन्ते न पुनर्गृहेषु।

चारुदत्तः—मैत्रेय, गृहाण इमं अलङ्कारम्।

वसन्तसेना—अनुगृहीताऽस्मि (इति अलंकारं अर्पयति।)

विदूषकः—(गृहीत्वा) स्वस्ति भवत्यै।

चारुदत्तः—धिङ् मूर्ख, न्यासः खल्वयं न दक्षिणा!

विदूषकः—यदि एवं, तर्हि चौरैः अपहृतो भवतु अचिरेणैव कालेन।

वसन्तसेना—आर्य, इच्छामि अहं अनेन आर्येण अनुगम्यमाना गेहं गन्तुम्।

चारुदत्तः—मैत्रेय, अनुगच्छ भवतीम्।

विदूषकः—त्वमेव कलहंसगामिनीं एतां अनुगच्छन् रासहंस इव शोभसे। अहं पुनर्ब्राह्मणः जनैः चतुष्पथोपनीतः उपहार इव कुक्कुरैः खाद्यमानो विपन्नो भविष्यामि।

चारुदत्तः—भवतु, स्वयमेव अनुगच्छामि तत्र भवतीम्। तत् राजमार्गयोग्यः प्रदीपः प्रज्वालितो भवतु।

विदूषकः—वर्धमानक, वर्धमानक, प्रज्वालय प्रदीपम्।

चेटः—(जनान्तिकं) अरे, तैलेन विना प्रदीपिकाः प्रज्वाल्यन्ते, अलम्।

चारुदत्तः—मैत्रेय,भवतु, कृतं प्रदीपिकाभिः, पश्य—

उदयति हि शशांकः कामिनीगंडपांडुः,
ग्रहगणपरिवारो राजमार्गप्रदीपः।
तिमिरनिकरमध्ये रश्मयो यस्य गौराः,
श्रितजल इव पंके क्षीरधाराः पतन्ति॥

(सानुरागं) भवति वसन्तसेने, इदं भवत्या गृहं, प्रविशतु भवती।

(वसन्तसेना सानुरागं अवलोकयन्ती निष्क्रान्ता)

—मृच्छकटिक (शूद्रक)

[चारुदत्त—(वसन्तसेनासे) रदनिका, प्रदोषकी वेला है, सरदी लगा रोहसेन है, अतः इसे भीतर ले जा, इस चादरसे इसे ढांक दे (इति, चादर देता है।)

वसन्तसेना—(अपने आपसे) क्या मुझे परिजन (सेवक-वर्ग) समझ रहे हैं। (चादरको लेकर सूंघ कर अनुरागके साथ अपने आपसे) जूहीके फूलोंसे बासी चादर है। इनका यौवन उदासीन नहीं जान पड़ता।

चारुदत्त—क्यों रदनिका, (मुँहमें) उत्तर भी नहीं है। कष्ट, दैवका मारा आदमी जब भाग्यके क्षयसे पीड़ित दशाको प्राप्त होता है, तब उसके मित्र भी अमित्र हो जाते हैं, चिरसे अनुरक्त जन भी विरक्त हो जाते हैं।

(विदूषक और रदनिका पास आ कर)

विदूषक—हे, यह है वह रदनिका।

चारुदत्त—यह रदनिका, (तो) यह दूसरी कौन ? अनजानी मेरे मलिन वस्त्रसे दूषित की गई ।

वसन्तसेना—(अपनेसे) नहीं, भूषिता ।

चारुदत्त—शरद्के बादलसे छादित चन्द्ररेखा सी दीखती है । अथवा परस्त्रीको देखना उचित नहीं ।

विदूषक—हे, बस करो परस्त्री-दर्शनकी शंका को । यह वसन्तसेना कामदेवके महोत्सव (के दिन) से तुम पर अनुरक्त है ।

चारुदत्त—अहो, यह वसन्तसेना !

वदूषक—हे मित्र, यह राजाका साला कहता है ।

चारुदत्त—क्या ?

विदूषक—कामदेवके महोत्सव (के दिन) से यह सुवर्णसहित हिरण्यसहित वसन्तसेना नामक वेश्या-कन्या तुझपर अनुरक्त, हमारे द्वारा जबर्दस्ती पीछा की जाती तेरे घरमें घुस गई । सो इसे हमारे हाथमें सौंप दे, नहीं तो (हमारा) मृत्यु तकके लिये वैर हो जायेगा ।

वसन्तसेना—(अपनेसे) 'जबर्दस्ती पीछा की जाती' इन अक्षरोंसे अलंकृता हूँ ।

चारुदत्त—(तिरस्कारपूर्वक) मूर्ख है वह । (अपनेसे), अरे, देवोंके लिये भी स्पृहणीय है यह तरुणी । (प्रकट) आप वसन्तसेना, अजाने सेवककी तरह इस उपचारके लिये अपराधी मैं सिरसे आपसे क्षमा माँगता हूँ ।

वसन्तसेना—इसके कारण मैं ही अपराधिनी हूँ, (इसलिये) आर्यको शिरसे प्रणाम करके क्षमा माँगती हूँ ।

विदूषक—हे, तुम दोनोंने ही सस्य और क्यारी की तरह परस्पर सिरसे सिर मिला लिया, मैं भी इस सिरसे (तुम) दोनोंको प्रसन्न करता हूँ । (इति, उठ जाता है)

वसन्तसेना—(अपनेसे) आज यहाँ ऐसे आ मेरा यहाँ रहना उचित नहीं इति । (प्रकट) आर्य, यदि मैं आपकी ऐसी अनुग्रहपात्र हूँ, तो चाहती हूँ इस आभूषणको आर्यके घरमें रखना । आभूषणके लिये ये पापी मेरा पीछा कर रहे हैं ।

चारुदत्त—धरोहर के अयोग्य है यह घर।

वसन्तसेना—आर्य, असत्य, पुरुषोंके पास धरोहरें रक्खी जाती हैं, घरोंमें नहीं।

चारुदत्त—मैत्रेय, ले लो इस आभूषणको।

वसन्तसेना—अनुगृहीता हूं (इति, आभूषण अर्पित करती है।)

विदूषक—(लेकर) स्वस्ति आपको।

चारुदत्त—धिक् मूर्ख ! धरोहर है यह, दक्षिणा नहीं।

विदूषक—यदि ऐसा, तो चोरों द्वारा चुराया जाय अचिर ही।

वसन्तसेना—आर्य, इस आर्यको पीछे ले मैं घर जाना चाहती हूँ।

चारुदत्त—मैत्रेय, आपके पीछे पीछे जाओ।

विदूषक—तुम ही इस कलहंसगामिनीके पीछे चलते हँस से शोभित होगे, में ब्राह्मण तो चौरस्ते पर लोगों द्वारा डाले गये पूजोपहारकी तरह कुक्कुरों द्वारा खाया जाता मारा जाऊँगा।

चारुदत्त—अच्छा, मैं स्वयं अनुगमन करूँगा आपका। सो सड़कके लायक दीपक जलाया जाये।

विदूषक—वर्धमानक, वर्धमानक, जला दीपक।

नौकर—(धीरे से) अरे, तेल के विना (ही) दीपिकायें जलाई जा रही हैं, हद है।

चारुदत्त—मैत्रेय, अच्छा, रहने दो दीपिकायें, देखो—

ग्रहोंके परिवारवाला कामिनियोंके कपोल-सा श्वेत चन्द्रमा सड़कका प्रदीप उग रहा है, जिसकी गोरी रश्मियाँ अन्धकार-समूह के बीच आश्रित जलवाले पंकमें दूधकी धारायें जैसी गिर रही हैं।

(स्नेहसहित) आप वसन्तसेना, यह आपका घर है, आप प्रवेश करें।

(वसन्तसेना अनुरागके साथ देखती निकल गई)]

लिङ् (आशीः) आशीर्वाद देना

भूयात्	भूयास्ताम्	भूयासुः
भूयाः	भूयास्तम्	भूयास्त
भूयासम्	भूयास्व	भूयास्म

भू + यास् + त = भू + या + त् = भूयात् (होवे)

लुङ् (सामान्य भूतकाल)

अभूत्	अभूताम्	अभूवन्
अभूः	अभूतम्	अभूत
अभूवम्	अभूव	अभूम

अ + भू + त् = अभूत् (हुआ)

लृङ् (क्रियाहेतुक क्रिया)

अभविष्यत्	अभविष्यताम्	अभविष्यन्
अभविष्यः	अभविष्यतम्	अभविष्यत
अभविष्यम्	अभविष्याव	अभविष्याम

अ + भू + इ + स्य + त् = अ + भो + इ + स्य + त् = अभविष्यत् (हुआ जो)

नट् (नाट्य करना), लुङ्

अनाटीत्	अनाटिष्टाम्	अनाटिषुः
अनाटीः	अनाटिष्टम्	अनाटिष्ट
अनाटिषम्	अनाटिष्व	अनाटिष्म

अ + नट् + इ + त् = अ + नट् + इ + स् + त् = अनाटीत् (नटन किया)

ऐसे ही निम्न धातु भी—

लट्		लुङ्	लिट्
मंड—मंडति	(भूषित करता है)	अमांडीत्	ममंड
पठ—पठति	(पढ़ता है)	अपाठीत्	पपाठ
जल्प—जल्पति	(बोलता है)	अजाल्पीत्	जजल्प
चुंब—चुंबति	(चूमता है)	अचुंबीत्	चुचुंब
भण—भणति	(बोलता है)	अभाणीत्	बभाण
क्रम—क्रामति	(टहलता है)	अक्रमीत्	चक्राम
फल—फलति	(फलता है)	अफालीत्	पफाल
स्खल—स्खलति	(फिसलता है)	अस्खालीत्	चस्खाल

	लट्		लुङ्	लिट्
जीव—	जीवति	(जीता रहता है)	अजीवत्	जिजीव
ष्ठीव्—	ष्ठीवति	(थूकता है)	अष्ठेवीत्	टिष्ठीव, टिष्ठीवतुः, टिष्ठीवुः
चर्—	चरति	(चलता, खाता है)	अचारीत्	चचार

तृतीयः पाठः

(ततः प्रविशति चारुदत्तो विदूषकश्च)

चारुदत्तः—अहो, अहो, साधु, साधु रेभिलकेन गीतं ! वीणा नाम असमुद्रोत्थितं रत्नम् ।

विदूषकः—भो, एहि गृहं गच्छावः ।

चारुदत्तः—अहो, सुष्ठु भावरेभिलकेन गीतम् ।

विदूषकः—मम तावत् द्वाभ्यामेव हास्यं जायते, स्त्रिया संस्कृतं पठन्त्या, मनुष्येण च काकलीं गायता । स्त्री तावत् संस्कृतं पठन्ती दत्तनवनास्या इव गृष्टिः अधिकं सूसुवायते, मनुष्योऽपि काकलीं गायन् शुष्कसुमनोदामवेष्टितो वृद्धपुरोहित इव मन्त्रं जपन् दृढं मे न रोचते ।

चारुदत्तः—वयस्य, सुष्ठु खलु अद्य गीतं भावरेभिलेन, न च भवान् परितुष्टः ? अपि च—

तं तस्य स्वरसंक्रमं मृदुगिरः श्लिष्टं च तंत्रीस्वनं,
वर्णानामपि मूर्छनान्तरगतं तारं विरामे मृदुम् ।
हेला संयमितं पुनश्च ललितं रागं द्विरुच्चारितं,
यत् सत्यं विरतेऽपि गीतसमये गच्छामि शृण्वन्निव ।

विदूषकः—भो वयस्य, आपणान्तरथ्याविभागेषु सुखं कुक्कुरा अपि सुप्ताः, गच्छावः ।

चारुदत्तः—वयस्य, पश्य पश्य, एषोऽपि अन्धकारस्येव अवकाशं ददन् अन्तरिक्षप्रासादात् अवतरति भगवान् चन्द्रः।—मृच्छ० (शूद्रक)

[(तब प्रवेश करते हैं चारुदत्त और विदूषक)

चारुदत्त—अहो अहो, अच्छा (गायक) रेभिलने गाया। वीणा तो बिना समुद्रसे निकला रत्न है।

विदूषक—हे, आओ घर चलें।

चारुदत्त—अहो, बढ़िया रेभिलकजीने गाया।

विदूषक—मुझे तो दोनों से हँसी आती है—स्त्री संस्कृत पढ़ती और पुरुष काकली गाता। स्त्री संस्कृत पढ़ती नई नाथ पड़ी गायकी तरह बहुत सुसुआती है, पुरुष काकली गाता सूखे फूलकी मालासे वेष्टित बूढ़े पुरोहितकी तरह मंत्र जपता मुझे बिल्कुल नहीं रुचता।

चारुदत्त—मित्र, आज रेभिलजीने बहुत अच्छा गाया, और आप सन्तुष्ट नहीं (हुये) ? और भी-उस स्वरोंके चढ़ाव को, मीठी वाणी से मिले हुये उस वीणा-नादको, मूर्छनाओंके बाद वर्णोंके विराममें कोमल तालको, सहसा रोके फिर दुहरा कर उच्चारित ललित रागको जो सचमुच गीतके समयके बीत जाने पर भी (इस समय) मैं सुनता सा चल रहा हूँ।

विदूषक—हे मित्र, हाटके अन्तकी सड़कों के भागों पर कुक्कुर सुखसे सो रहे हैं, चलें।

चारुदत्त—मित्र, देखो देखो, यह भगवान् चन्द्र भी अंधकारको मौका देते आकाशमहलसे उतर रहे हैं।]

रेभिलः (गायकका नाम) असमुद्रोत्थितं (समुद्रसे न निकला) भावः (जी) काकली (एक प्रकारका गीत) नास्या (नाकी नाथ) गृष्टिः (गाय) दाम (माला) संक्रमः (आरोह-अवरोह) तंत्री (वीणा) तारं (ऊँचा) हेला (सहसा) आपणान्तः (बाजारका छोर) रथ्या (सड़क) अन्तरिक्षं (आकाश)

भ्वादि-गणी अकर्मक आत्मनेपद सेट् (एकार वाली) धातु एध (बढ़ना)

लट् (वर्तमान)—

एधते	एधेते	एधन्ते
एधसे	एधेथे	एधध्वे
एधे	एधावहे	एधामहे

एध् + अ + ते = एधते (बढ़ता है)।

लिट् (परोक्षवाला भूत)—

एधांचक्रे	एधांचक्राते	एधांचक्रिरे
एधांचकृषे	एधांचक्राथे	एधांचकृध्वे
एधांचक्रे	एधांचकृवहे	एधांचकृमहे

एध् + आं + कृ = एधां + कृ + कृ + ए = एधां + च + कृ + ए = एधांचक्रे (बढ़ा था)

एधांबभूव एधांबभूवतुः एधांबभूवुः (इत्यादि)

लुट् (आज छोड़े भविष्य)—

एधिता	एधितारौ	एधितारः
एधितासे	एधितासाथे	एधिताध्वे
एधिताहे	एधितास्वहे	एधितास्महे

एध् + इ + ता = एधिता (बढ़नेवाला होगा)

लृट् (सामान्य भविष्य)—

एधिष्यते	एधिष्येते	एधिष्यन्ते
एधिष्यसे	एधिष्येथे	एधिष्यध्वे
एधिष्ये	एधिष्यावहे	एधिष्यामहे

एध् + इ + ष्यते = एधिष्यते (बढ़ेगा)

लोट् (आज्ञा)—

एधताम्	एधेताम्	एधन्ताम्
एधस्व	एधेथाम्	एधध्वम्
एधै	एधावहै	एधामहै

एध् + अ + तां = एधताम् (बढ़े)

लङ् (आज छोड़े भूत)—

ऐधत	ऐधेताम्	ऐधन्त
ऐधथाः	ऐधेथाम्	ऐधध्वम्
ऐधे	ऐधावहि	ऐधामहि

अ + एध् + अ + ते = ऐधत (बढ़ा)

लट्—एक०		लिट्—एक०	द्वि०	बहु०
वेष्ट—वेष्टते	(लपेटता है)	विवेष्टे	विवेष्टाते	विवेष्टिरे
चेष्ट—चेष्टते	(चेष्टा करता है)	चिचेष्टे		
गाध—गाधते	(अवगाहन करता है)	जगाधे		
नाथ—नाथते	(मांगता है)	ननाथे		
दध—दधते	(धारता है)	देधे	देधाते	देधिरे
दह—दहते	(जलाता है)	देहे		
वन्द—वन्दते	(वन्दना करता है)	ववन्दे		
मोद—मोदते	(मोद करता है)	मुमुदे		
स्पन्द—स्पन्दते	(हिलता है)	पस्पन्दे		
दद—ददते	(देता है)	ददे		
स्वद—स्वदते	(खाता है)	सस्वदे		
स्वाद—स्वादते	(,,)	सस्वादे		
यत—यतते	(प्रयत्न करता है)	येते		
ग्रन्थ—ग्रन्थते	(गांठ बांधता है)	जग्रंथे		
लोक—लोकते	(देखता है)	लुलोके		
अंग—अंकते	(अंकन करता है)	आनंके		
शंक—शंकते	(शंका करता है)	शशंके		
श्लाघ—श्लाघते	(प्रशंसा करता है)	शश्लाघे		
राज—राजते	(शोभा देता है)	रराजे		
ह्लाद—ह्लादते	(आह्लादित होता है)	जह्लादे		

दद् (देना) का लट् में

ददते	ददाते	ददिरे
ददिषे	ददाथे	ददिध्वे
ददे	ददिवहे	ददिमहे

चतुर्थः पाठः

सोऽध्यैष्ट वेदान् त्रिदशान् अयष्ट पितॄन् अपारीत् सममंस्त बन्धून् ।
व्यजेष्ट षड्वर्गमरंस्त नीतौ, समूलघातं न्यवधीद् अरींश्च ॥ १ ॥
न तज्जलं यन्न सुचारुपंकजं न पंकजं तद् यदलीनषट्पदम् ।
न षट्पदोऽसौ न जुगुंज यः कलं, न गुंजितं तन्न जहार यन्मनः ॥२॥
मरिष्यामि विजेष्ये वा हताश्चेत् तनया मम ।
हनिष्यामि रिपून् तूर्णं न जीविष्यामि दुःखितः ॥ ३ ॥
अध्यायच्छक्रजिद् ब्रह्म समाधेरचलन्न च ।
तमाह्वयत सौमित्रिरगर्जच्च भयंकरम् ॥ ४ ॥
अकुप्यद् इन्द्रजित् तत्र पितृव्यं चागदद् वचः ।
त्वमत्राजायथा देहमिहापुष्यः सुरामिषैः ॥ ५ ॥
इहाजीव इहैव त्वं क्रूरमारभथाः कथम् ।
नापश्यः पाणिमार्द्रं त्वं बन्धुत्वं नाप्यपेक्षथाः ॥ ६ ॥
अधर्मान्नात्रसः पाप, लोकवादान्न चाबिभेः ।
धर्मदूषण, नूनं त्वं नाजाना नाश्रृणोरिदम् ॥ ७ ॥

[उसने वेद पढ़े, देवोंके लिये यज्ञ किये, पितरोंको तृप्त किया, बन्धुओंका मान किया । छ तरहके शत्रुओंको जीता, नीतिमें रत रहा और दुश्मनोंको जड़से नाश किया ॥ १ ॥

वह जल नहीं, जो सुन्दर पंकजोंवाला नहीं, वह पंकज नहीं जिसमें भँवरे लीन नहीं । वह भँवरा नहीं जो सुन्दर गूँजता नहीं, वह गुञ्जन नहीं जिसने मनको हरा नहीं ॥ २ ॥

यदि मेरी सन्तानें मारी गयीं, तो मैं जीतूँगा या मरूँगा। जल्दी शत्रुओंको मारूँगा, दुखी हो नहीं जीऊँगा ॥ ३ ॥

मेघनाद ने ब्रह्मका ध्यान किया और समाधिसे विचलित नहीं हुआ। उसको लक्ष्मणने ललकारा और भयंकर गर्जन किया ॥ ४ ॥

वहाँ मेघनाद कुपित हुआ और चाचा (विभीषण) से बात बोला—'तू यहाँ पैदा हुआ यहाँ मद्य-मांससे पोषित हुआ ॥ ५ ॥

यहाँ जीवन बिताया, यहीं तूने क्रूर (कर्म) क्यों आरंभ किया ? भीगे हाथ को तूने नहीं देखा, बन्धुत्वकी भी पर्वाह नहीं की ॥ ६ ॥

पापी, अधर्मसे नहीं डरा, लोकनिन्दासे तूने भय नहीं खाया। धर्मदूषण, अवश्य तू इसे नहीं जानता, न यह सुना' ॥ ७ ॥]

अध्यैष्ट (पढ़ा, लिट् १. १) त्रिदशः (देवता) अपारीत् (पारण किया, लुङ्) सममंस्त (संमान किया,) षड्वर्ग (काम, क्रोध आदि) व्यजेष्ट (जीता) अरंस्त (रमण किया) न्यवधीत् (वध किया,) जहार (हरा, लिट्) विजेष्ये (जीतूंगा, लृट्) तूर्णं (तुरन्त) अध्यायत् (ध्यान किया) शक्रजित् (इन्द्रजित्, मेघनाद) आह्वयत (ललकारा) सौमित्रिः (लक्ष्मण) अगदत् (बोला) अजायथाः (तू पैदा हुआ) अपुष्यः (पुष्ट हुआ) आमिषं (मांस) अजीवः (तू जिया) आरभथाः (तूने आरंभ किया) आर्द्र (गीला) अत्रसः (डरा) अबिभेः (भय खाया) लोकवादः (लोकनिन्दा) अजानाः (जाना तूने ।)]

लिङ् (विधि आज्ञा)—

एधेत	एधेयातां	एधेरन्
एधेथाः	एधेयाथां	एधेध्वं
एधेय	एधेवहि	एधेमहि

● एध् + अ + त = एध् + इय् + त = एध + इ + त = एधेत (बढ़े)।

लिङ् (आशीः, आशीर्वाद देना)—

एधिषीष्ट	एधिषीयास्तां	एधिषीरन्
एधिषीष्ठाः	एधिषीयास्थां	एधिषीध्वं
एधिषीय	एधिषीवहि	एधिषीमहि

एध् + इ + सीय् + त = एध् + इ + सीय् + स् + त = एधिषीष्ट (बढ़े)

लुङ् (सामान्य भूत)—

ऐधिष्ट	ऐधिषातां	ऐधिषत
ऐधिष्ठाः	ऐधिषाथां	ऐधिध्वं
ऐधिषि	ऐधिष्वहि	ऐधिष्महि

अ + ऐध् + इ + स् + त = ऐधिष्ट (बढ़ा)

लृङ् (हेतु-भूत क्रिया)—

ऐधिष्यत	ऐधिष्येतां	ऐधिष्यन्त
ऐधिष्यथाः	ऐधिष्येथां	ऐधिष्यध्वं
ऐधिष्ये	ऐधिष्यावहि	ऐधिष्यामहि

अ + एध् + इ + ष्यत = ऐधिष्यत (यदि बढ़ेगा तो)

लट्	लिट्
एधते (कांपता है)	एधांचक्रे, एधांबभूव
म्रियते (मरता है)	मम्रिये (मर गया)
धरते (धरता है)	दध्रे
नयते (ले जाता है)	निन्ये
लभते (पाता है)	लेभे
भ्राजते (चमकता है)	बभ्राजे
कम्पते (कांपता है)	चकम्पे
स्तम्भते (थांमता है)	तस्तंभे
क्षमते (सहता है)	चक्षमे
भिक्षते (मांगता है)	बिभिक्षे
वर्षते (बरसाता है)	ववर्षे
भाषते (बोलता है)	बभाषे
ईहते (चाहता है)	ईहांचक्रे
काशते (प्रकाशता है)	चकाशे
रोचते (रुचता है)	रुरुचे

वर्तते (विद्यमान है)	ववर्ते
वर्धते (बढ़ता है)	ववृधे
व्यथते (दुखता है)	विव्यथे
रमते (रमण करता है)	रेमे
याचते (मांगता है)	ययाचे

पञ्चमः पाठः

विदूषकः—भो, इदं अस्माकं गेहम् । वर्धमानक, उद्घाटय द्वारम् ।

चेटः—आर्यमैत्रेयस्य स्वरसंयोगः श्रूयते । आगत आर्यचारुदत्तः । तद्यावद् द्वारं अस्य ददामि । (तथा कृत्वा) आर्य, वन्दे । मैत्रेय, त्वामपि वन्दे । अत्र विस्तीर्णे आसने निषीदतं आर्यौ । (उभौ नाट्येन प्रविश्य उपविष्टौ) ।

विदूषकः—वर्धमानक, रदनिकां आकारय पादौ धावितुम् ।

चारुदत्तः—(सानुकम्पं) अलं सुप्तजनं प्रबोधयितुम् ।

चेटः—आर्य मैत्रेय, अहं पानीयं गृह्णामि त्वं पादौ धावय ।

विदूषकः—(सक्रोधं) भो वयस्य, एष इदानीं दास्याः पुत्रो भूत्वा पानीयं गृह्णाति, मां पुनर्ब्राह्मणं पादौ धावयति ।

चारुदत्तः—वयस्य मैत्रेय, त्वं उदकं गृहाण, वर्धमानकः पादौ प्रक्षालयतु ।

चेटः—आर्य मैत्रेय, देहि उदकम् । (विदूषकः तथा करोति, चेटः चारुदत्तस्य प्रादौ प्रक्षाल्य अपसरति ।)

चारुदत्तः—दीयतां ब्राह्मणस्य पादोदकम् ।

विदूषकः—किं मम पादोदकैः ? भूमावेव मया ताडितगर्दभेनेव पुनरपि लोठितव्यम् ।

चेटः—आर्य मैत्रेय, ब्राह्मणः खलु त्वम् ?

बिदूषकः—यथा नागानां मध्ये डुण्डुभः, तथा सर्वब्राह्मणानां मध्येऽहं ब्राह्मणः ।

चेटः—आर्य मैत्रेय, तथापि धाविष्यामि । (तथा कृत्वा) आर्य मैत्रेय, एतत् तत् स्वर्णभाण्डं, मम दिवा तव रात्रौ, तद् गृहाण । (इति दत्वा निष्क्रान्तः)

विदूषकः—(गृहीत्वा) अद्यापि एतत् तिष्ठति ? किमत्र उज्जयिन्यां चौरोऽपि नास्ति, य एतद्दास्याः पुत्रो निद्राचौरं नापहरति ? भो वयस्य, आभ्यन्तरचतुःशालकं प्रवेशयामि एनम् ।

—मृच्छकटिक (शूद्रक)

[विदूषक—हे, यह हमारा घर है । वर्धमानक, खोल द्वार ।

चेट (दास)—आर्य मैत्रेय की आवाज सुनाई देती है, आगये आर्य चारुदत्त । तो द्वार इनके लिये (खोल) दूँ । (वैसा करके) आर्य, वन्दे । मैत्रेय, तुम्हें भी वन्दे । इस बिछे आसन पर (आप दोनों) बैठें । (दोनों नाटकीय ढङ्ग से बैठे) ।

विदूषक—वर्धमानक, रदनिकाको बुला, पैर धोने के लिये ।

चारुदत्त—(अनुकम्पा के साथ) नहीं सोये आदमी को जगाना (नहीं चाहिये) ।

चेट—आर्य मैत्रेय, मैं पानी लेता हूँ, तुम पैर धोओ ।

विदूषक—(क्रोध के साथ) हे मित्र, यह दासी का बेटा होकर अब पानी लेगा और मुझ ब्राह्मण से पैर धुलवाता है ।

चारुदत्त—मित्र मैत्रेय, तू पानी ले, वर्धमान पैर पखारे ।

चेट—आर्य मैत्रेय, पानी दो (विदूषक वैसा करता है, चेट चारुदत्त के पैर पखार कर हट जाता है) ।

चारुदत्त—ब्राह्मणको पादोदक दिया जाये ।

विदूषक—पादोदक से मुझे क्या ? पीटे गदहे की तरह मुझे भूमि पर ही फिर लोटना है ।

चेट—आर्य मैत्रेय, ब्राह्मण हो ना तुम ।

विदूषक—जैसे नागों के बीच डोंडहा (जलसर्प), वैसे ही सारे ब्राह्मणों के बीच मैं ब्राह्मण हूँ ।

चेट—आर्य मैत्रेय, तो भी धोऊँगा । (वैसा करके) आर्य मैत्रेय, यह है वह सुवर्ण-आभूषण, मेरा दिन में तेरा रात में; सो लो (देकर निकल गया) ।

विदूषक—(लेकर) आज भी यह है ही ? क्या यहाँ उज्जैनमें चोर भी नहीं है, जो दासीके बेटे इस नींद-चोर को नहीं चुरा ले जाता ? हे मित्र, भीतर चौसारमें इसे ले जाता हूँ ।]

प्रबोधयितुं (जगाने को) डुंडुभः (पानीका सांप)

भू (होना) धातुका प्रेरणा (णिजन्त) परस्मैपद में रूप—

लट् (वर्तमान)

भावयति	भावयतः	भावयन्ति
भावयसि	भावयथः	भावयथ
भावयामि	भावयावः	भावयामः

भू + इ + अ + ति = भो + इ + अ + ति = भो + ए + अ + ति = भाव् + अय् + अति = भावयति (हो आता है) ।

लिट्

कृके साथ	भावयांचकार	भावयांचक्रतुः	भावयांचक्रुः
भूके साथ	भावयांबभूव	भावयांबभूवतुः	भावयांबभूवुः
अस्के साथ	भावयामास	भावयामासतुः	भावयामासुः

लुट्

भावयिता भावयितारौ भावयितारः

लृट्

भावयिष्यति भावयिष्यतः भावयिष्यन्ति

लोट्

भावयतु, भावयतात् भावयतां भावयन्तु

लङ्

अभावयत् अभावयतां अभावयन्

लिङ् (विधि)

भावयेत् भावयेतां भावयेयुः

लिङ् (आशीः)

भाव्यात् भाव्यास्तां भाव्यासुः

लुङ्

अबीभवत्	अबीभवतां	अबीभवन्
अबीभवः	अबीभवतं	अबीभवत
अबीभवं	अबीभवाव	अबीभवाम

आत्मनेपद—लट्

भावयते	भावयेते	भावयन्ते (बाकी एध-सा)

लिट्

भावयांचक्रे	भावयांचक्राते	भावयांचक्रिरे

(एवं भावयांबभूव, भावयामास इत्यादि)

लुट्

भावयिता	भावयितारौ	भावयितारः
भावयितासे	भावयितासाथे	भावयिताध्वे
भावयिताहे	भावयितास्वहे	भावयितास्महे

लृट्

भावयिष्यते	भावयिष्येते	भावयिष्यन्ते

लोट्

भाव्यतां	भाव्येतां	भाव्यन्तां

लङ्

अभावयत	अभावयतां	अभावयन्त

लिङ् (विधि)

भावयेत	भावयेयातां	भावयेरन्
भावयेथाः	भावयेयाथां	भावयेध्वं
भावयेय	भावयेवहि	भावयेमहि

लिङ् (आशीः)

भावयिषीष्ट	भावयिषीयास्तां	भावयिषीरन्

लुङ्

अबीभवत	अबीभवेतां	अबीभवन्त

लृङ्

अभावयिष्यत्	अभावयिष्येतां	अभावयिष्यन्त

अन्य धातुके णिजन्त रूप—

(लट्)

(परस्मैपद)	(आत्मनेपद)	
पाठयति,	पाठयते	(पढ़ाता है)
मन्थयति,	मन्थयते	(मथता है)
खादयति,	खादयते	(खिलाता है)
नादयति,	नादयते	(नाद कराता है)
वादयति,	वादयते	(बजवाता है)
वांछयति,	वांछयते	(वांछा कराता है)
वाहयति,	वाहयते	(वहाता है)
पातयति,	पातयते	(गिराता है)
नाथयति,	नाथयते	(मांगता है)
वन्दयति,	वन्दयते	(बन्दना करता है)
मोदयति,	मोदयते	(मोद कराता है)
बन्धयति,	बन्धयते	(बंधवाता है)
स्पन्दयति,	स्पन्दयते	(चलित कराता है)
बाधयति,	बाधयते	(बांधा दिलाता है)

—oo⁘oo—

षष्ठः पाठः

(ततः प्रविशति शर्विलकः)

शर्विलकः—(नभोऽवलोक्य सहर्षं) अये, कथं अस्तं उपगच्छति भगवान् मृगांकः ? वृक्ष-वाटिकापरिसरे सन्धिं कृत्वा प्रविष्टोऽस्मि मध्यमकम् । तद् यावद् इदानीं चतुःशालकं अपि दूषयामि—

देशः को नु जलावसेकशिथिलो, यस्मिन् न शब्दो भवेत्
भित्तीनां च न दर्शनान्तरगतः सन्धिः करालो भवेत् ।
क्षारक्षीणतया च लोष्टककृशं जीर्णं क्व हर्म्यं भवेत्
कस्मिन् स्त्रीजनदर्शनं च न भवेत् स्यादर्थसिद्धिश्च मे ॥

(भित्तिं परामृश्य) नित्यादित्यदर्शनोदकसेचनेन दूषिता इयं भूमिः क्षारकक्षीणा, मूषिकोत्करश्चेह । सिद्धोऽयमर्थः प्रथममेव । एतत् स्कन्धपुत्राणां सिद्धिलक्षणम् । अत्र कर्मप्रारम्भे कीदृशं इदानीं सन्धिमुत्पादयामि ? इह खलु भगवता कनकशक्तिना चतुर्विधः सन्ध्युपायो दर्शितः, तद्यथा—पक्वेष्टकानां आकर्षणं, आमेष्टकानां छेदनं, पिण्डमयानां सेचनं काष्ठमयानां पाटनमिति । तदत्र पक्वेष्टकानां आकर्षणम् ।

—मृच्छकटिक (शूद्रक)

[(तब शर्विलक प्रवेश करता है)

शर्विलक—(आकाश देख हर्ष के साथ) अरे, क्या, भगवान् चन्द्र अस्त हो रहे हैं । वृक्षवाटिका के समीप सेंध लगाकर बिचले खंड में घुसा हूँ । सो अब चौसार को भी तोड़ता हूँ—

कौनसा स्थान जल से भीगने से ढीला है, जिसमें (सेंध लगाते) शब्द नहीं होवे, भित्तियों के दीखने से सन्धि विकट न हो जाये ।

नोन्छा से क्षीण होने के कारण डलेके कृश होने से कहाँ महल जीर्ण होवे, कहाँ स्त्रीलोगों का दर्शन न होवे और मेरे प्रयोजन की सिद्धि भी होवे ।

(भीत को टटोल कर) सदा धूप में रहने और पानी से भीगने के कारण यह भूमि कमजोर और नोनछे से क्षीण है, चूहों का कूडा भी यहाँ है । यह काम (तो) पहले ही सिद्ध (हो गया) । स्कन्धपुत्रों (चोरों) की सिद्धि का यह

लक्षण है। यहाँ काम आरम्भ करते अब कैसी सेंध बनाऊँ? यहाँ भगवान् कनकशक्ति (चौराचार्य) ने चार प्रकार के सेंध के तरीके दिखलाये हैं, जैसे—पकी ईंटों को खींचना (खिसकाना), कच्ची ईंटों का तोड़ना, लोंदों का भिगोना, काठकीका फाड़ना इति। सो यहाँ पकी ईंटों का खिसकाना (है)।]

नभः (आकाश) परिसरः (पास, समीप) मध्यमकः (बीच का खण्ड) दूपयामि (तोड़ता हूँ, दूषित करता हूँ) अवसेकः (सिंचन, भिगोना) सन्धिः (सेंध) करालः (विशाल) क्षारः (नोनछा) लोष्टकं (ढेला) हर्म्य (महल) उत्करः (कूडा) इष्टकाः (ईंटें) पिण्डमयः (मिट्टी के पिंडोंकी बनी) पाटनं (फाड़ना)।

अदादिगण की सकर्मक, परस्मैपदी सेट् विद् (जानना) धातु—

लट्

वेत्ति	वित्तः	विदन्ति
वेत्सि	वित्थः	वित्थ
वेद्मि	विद्वः	विद्मः

विद् + त्ति = वेद् + त्ति = वेत्ति

लिट्

विवेद	विविदतुः	विविदुः
विवेदिथ	विविदथुः	विविद
विवेद, विविद	विविदिव	विविदिम

विदाञ्चकार, विदांबभूव, विदामास

लुट्

वेदिता	वेदितारौ	वेदितारः

लृट्

वेदिष्यति	वेदिष्यतः	वेदिष्यन्ति

लोट्

वेत्तु, वित्तात्	वित्तां	विदन्तु

विद्धि, वित्तात्	वित्तं	वित्त
वेदानि	वेदाव	वेदाम
विदाङ्करोतु	विदाङ्कुरुतां	विदाङ्कुर्वन्तु

वा (बहना) अनिट्, परस्मैपदी

लट्

वाति	वातः	वान्ति

लिट्

ववौ	ववतुः	ववुः

लृट्

वास्यति	वास्यतः	वास्यन्ति

लोट्

वातु, वातात्	वातां	वान्तु
वाहि, वातात्	वातं	वात
वानि	वाव	वाम

इसी तरह अनिट् धातु या (जाना), भा (प्रकाशना), स्ना (नहाना) ला (लाना) ख्या (कहना) और पा (रक्षण करना) के भी रूप होते हैं।

सप्तमः पाठः

जनको ह वैदेही बहुदक्षिणेन यज्ञेन ईजे। तत्र ह कुरु-पंचालानां ब्राह्मणा अभिसमेता बभूवुः। तस्य ह जनकस्य वैदेहस्य विजिज्ञासा बभूव—'कः स्विद् एषां ब्राह्मणानां अनूचानतम' इति। स ह गवां सहस्रं अवरुरोध, दश दश पादा एकैकस्याः शृङ्गयोः आबद्धा बभूवुः ॥१॥

तान् ह उवाच—'ब्राह्मणा भगवन्तः, यो वो ब्रह्मिष्ठः, स एता गा उदजतां' इति।

ते ह ब्राह्मणा न दधृषुः। अथ ह याज्ञवल्क्यः स्वं एव ब्रह्मचारिणं उवाच—'एताः सौम्य, उदज सोमश्रवा–ा–ा' इति। ता ह उदांचकार। ते ह ब्राह्मणाः चुक्रुधुः—'कथं नो ब्रह्मिष्ठो ब्रवीति' इति।

अथ ह जनकस्य वैदेहस्य होता अश्वलो बभूव। स ह एनं पप्रच्छ–'त्वं नु खलु नो याज्ञवल्क्य, ब्रह्मिष्ठोऽसि ?' इति। स ह उवाच—'नमो वयं ब्रह्मिष्ठाय कुर्मः गोकामा वयं स्मः' इति। तं ह तत एव प्रष्टुं दध्रे होता अश्वलः ॥ २ ॥

—'याज्ञवल्क्य' इति ह उवाच (होता अश्वलः) 'यद् इदं सर्वं मृत्युना आप्तं, सर्वं मृत्युना न अभिपन्नं, केन यजमानो मृत्योः आप्तिं अतिमुच्यते' इति। —बृहदारण्यक उपनिषद्, अध्याय ३

[विदेहवाले (राजा) जनक ने बहुत दक्षिणावाले यज्ञ से यजन किया। वहाँ (विदेह, मिथिला में) कुरु और पँचाल के ब्राह्मण इकट्ठा हुये थे। उस जनक वैदेह को जानने की इच्छा हुई—'इन ब्राह्मणों में कौन सा सबसे बड़ा विद्वान् है'। उसने हजार गौयें एकत्रित कर दीं, (जिनमें से) एक-एक की दोनों सींगों में दस-दस पाद (५–५ मासा सोना) बँधे हुए थे ॥ १ ॥

(जनक ने) उन (ब्राह्मणों) को कहा—'भगवान् ब्राह्मणो, जो आप सबमें सबसे अधिक वेदज्ञ हैं, वे इन गायों को हांक ले जांये'। उन ब्राह्मणों ने हिम्मत नहीं की। तब याज्ञवल्क्य ने अपने ही ब्रह्मचारी को कहा—'सौम्य सोमश्रवा, इनको हांक ले'। (उसने) उन्हें हांक लिया। वे (दूसरे) ब्राह्मण क्रुद्ध हो गये—'कैसे हम सबसे वेदज्ञतम (ब्रह्मिष्ठ) (अपने को) बतलाता है।'

अथ जनक वैदेह का होता (पुरोहित) अश्वल था। उसने इन (याज्ञवल्क्य) से पूछा—'याज्ञवल्क्य, तू हममें ब्रह्मिष्ठ है न ?' इति। उस (याज्ञवल्क्य) ने कहा—'हम ब्रह्मिष्ठ को नमस्कार करते हैं, हम (तो) गौओं की कामना रखते हैं।' इति। उस होता अश्वल ने वहीं से उसे प्रश्न करना आरम्भ किया ॥ २ ॥

—'याज्ञवल्क्य' ऐसा बोला, (होता अश्वल)—'जो कि यह सब मृत्यु द्वारा प्राप्त, मृत्यु से पकड़ा है, किस (उपाय) से यजमान मृत्यु की पकड़ से मुक्त होता है ?' इति।]

वैदेह: (विदेह, तिरहुत का) वा, ह (जोर देने के अव्यय) ईजे (यजनक्रिया) कुरु, कुरव: (मेरठ के आसपास का कुरुदेश) पंचाला: (रुहेलखण्ड–कन्नौज प्रदेश) अभिसमेता: (एकत्रित) विजिज्ञासा (जानने की इच्छा) क: स्वित् (कौन सा) स्विद् (प्रश्नार्थ अव्यय) अनूचान: (विद्वान्, पढ़ा) अवरुरोध (रुँधवाया) पाद: (पांच मासा सोने का सिक्का, जो कि पूरे २० मासे या एक तोला आठ मासे वाले सुवर्ण का चौथाई होता था)। आबद्ध: (बँधा) उदजतां (हाँके) दधृषु: (हिम्मत की, लिट्) सौम्य (प्रिय) चुक्रुधु: (क्रुद्ध हुये, लिट्) ब्रह्म (वेद, ज्ञान) ब्रह्मिष्ठ: (सबसे बड़ा वेदज्ञ) होता (एक ऋत्विग्) नो (हमारेमेंका) स्म (हैं) प्रष्टुं (पूछनेको) दध्रे (पकड़ा, लिट्) आप्तं (व्याप्त) अभिपन्नं (पकड़ा) अतिमुच्यते (छोड़ा जाये)।

विद् (जानना) परस्मैपद

लङ् (पूर्व का अवशिष्ट)

	अवेत्	अवित्तां	अविदु:
	अवे:	अवित्तं	अवित्त
	अवेदं	अविद्व	अविद्म
लिङ् (विधि)	विद्यात्	विद्यातां	विद्यु:
	विद्या:	विद्यातं	विद्यात
	विद्यां	विद्याव	विद्याम
लिङ् (आशी:)	विद्यात्	विद्यास्तां	विद्यासु:
	विद्या:	विद्यास्तं	विद्यास्त
	विद्यासं	विद्यास्व	विद्यास्म
लुङ्	अवेदीत्	अवेदिष्टां	अवेदिषु:
लृङ्	अवेदिष्यत्	अवेदिष्यतां	अवेदिष्यन्

रुद् (रोना)

लट्	रोदिति	रुदत:	रुदन्ति
लिट्	रुरोद	रुरुदतु:	रुरुदु:
लुट्	रोदिता	रोदितारौ	रोदितार:
लृट्	रोदिष्यति	रोदिष्यत:	रोदिष्यन्ति

लोट्	रोदितु, रुदतात्	रुदतां	रुदन्तु
	रोदिहि, रुदतात्	रुदतं	रुदत
लिङ् (विधि)	रुद्यात्	रुद्यातां	रुद्युः
लिङ् (आशीः)	रुद्यात्	रुद्यास्तां	रुद्यासुः
लुङ्	अरोदीत्	अरोदिष्टां	अरोदिषुः

श्वस् (सांस लेना)

लट्	श्वसिति	श्वसतः	श्वसन्ति

स्वप् (सोना) सेट्, परस्मैपदी

लट्	स्वपिति	स्वपतः	स्वपन्ति
लिट्	सुष्वाप	सुषुपतुः	सुषुपुः
लुङ्	अस्वाप्सीत्	अस्वाप्स्तां	अस्वाप्सुः
लृङ्	अस्वपिष्यत्	अस्वपिष्यतां	अस्वपिष्यन्

अष्टमः पाठः

शर्विलकः—नमो वरदाय कुमारकार्तिकाय। नमः कनकशक्तये ब्रह्मण्यदेवाय देवव्रताय। नमो भास्करनन्दिने। नमो योगाचार्याय, यस्याऽहं प्रथमः शिष्यः। तेन च परितुष्टेन योगरोचना मे दत्ता—

अनया हि समालब्धं न मां द्रक्ष्यन्ति रक्षिणः।
शस्त्रं च पतितं गात्रे रुजं नोत्पादयिष्यति॥

धिक् कष्टं, प्रमाणसूत्रं मे विस्मृतम्। (विचिन्त्य) आ, इदं यज्ञोपवीतं प्रमाणसूत्रं भविष्यति। यज्ञोपवीतं हि नाम ब्राह्मणस्य महद् उपकरणद्रव्यं, विशेषतोऽस्मद्विधस्य, कुतः—

एतेन मापयति भित्तिषु कर्ममार्गं, एतेन मोचयति भूषणसंप्रयोगात्।
उद्घाटको भवति यंत्रदृढे कपाटे, दष्टस्य कीटभुजगैः परिवेष्टनं च।

मापयित्वा कर्म समारभे। (तथा कृत्वाऽवलोक्य च) एकलोष्टावशेषोऽयं

सन्धिः। धिक् कष्टं (यज्ञोपवीतेन अङ्गुलिं बद्ध्वा विषवेगं नाटयति)। चिकित्सां कृत्वा स्वस्थोऽस्मि। (पुनः कर्म कृत्वा दृष्ट्वा च) अये ज्वलति प्रदीपः, तथा हि—

शिखा प्रदीपस्य सुवर्णपिंजरा, महीतले सन्धिमुखेन निर्गता।
विभाति पर्यन्ततमस्समावृता, सुवर्णरेखेव कषे निवेशिता।

(पुनः कर्म कृत्वा) समाप्तोऽयं सन्धिः। भवतु प्रविशामि। अथवा न तावत् प्रविशामि। प्रतिपुरुषं निवेशयामि। (तथा कृत्वा) अये, न कश्चित्। नमः कार्तिकेयाय। (प्रविश्य दृष्ट्वा च) अये, पुरुषद्वयं सुप्तम्। भवतु, आत्मरक्षार्थं द्वारं उद्घाटयामि। कथं जीर्णत्वाद् गृहस्य विरौति कपाटम्? तद् यावद् सलिलं अन्वेषयामि। क्व नु खलु सलिलं भविष्यति? (इतस्ततो दृष्ट्वा सलिलं गृहीत्वा क्षिपति सशंकं) मा तावत् भूमौ पतितं शब्दमुत्पादयेत। (काष्ठेन प्रतीक्ष्य कपाटं उद्घाट्य)। भवतु, एवं तावद् इदानीं परीक्षे। किं लक्ष्यसुप्तं उत परमार्थसुप्तं इदं द्वयम्? (त्रासयित्वा परीक्ष्य च) अये, परमार्थसुप्तेन अनेन भवितव्यम्। (समन्ताद् अवलोक्य) अये कथं मृदंगः, अयं दर्दुरः, अयं पणवः, इयमपि वीणा, एते वंशाः, इमानि पुस्तकानि। किं नाट्याचार्यस्य गृहं इदम्? अथवा भवनप्रत्ययात् प्रविष्टोऽस्मि, तत् किं परमार्थदरिद्रोऽयं उत राजभयात् चौरभयाद् वा भूमिस्थं द्रव्यम्। भवतु, बीजं प्रक्षिपामि। (तथा कृत्वा) निक्षिप्तं बीजं, न कचित् स्फारीभवति। अये, परमार्थदरिद्रोऽयम्। भवतु, गच्छामि।

—मृच्छकटिक (शूद्रक)

[शर्विलक (चोर)—वरद कुमार कार्तिकेय के लिये नमस्कार। ब्राह्मणानुग्राहक देवव्रती देव कनकशक्ति को नमस्कार। भास्करनन्दी को नमस्कार। योगाचार्य को नमस्कार, जिसका कि मैं प्रथम शिष्य हूँ, उन्होंने सन्तुष्ट हो मुझे योगरोचना दी—

जिसे लगा लेने पर न मुझे पुलीसवाले देखेंगे,
शरीर पर पड़ा हथियार घाव नहीं उत्पादन करेगा।

धिक् कष्टं, नापने का सूत ही मैं भूल आया। (सोच कर) आ, यह जनेऊ नापने का सूत होगा। जनेऊ तो ब्राह्मण का बहुत उपकारक द्रव्य है, खास कर

हमारे जैसे का। क्योंकि—इससे ही तो काम के मार्ग को नापता है, भूषण के जोड़ से इसके द्वारा छुड़ाता है। ताले से मजबूत किवाड़ में (यह) उघाड़क होता है और कीड़े या सांप से काटे का परिवेष्टन होता है।

नाप कर काम आरंभ करता हूँ। (वैसा करके और देख कर) एक डला भर बाकी रह गई है, यह सेंध। धिक् कष्टं, सांप से डँसा गया हूँ (जनेऊ से अंगुली बाँध कर विष के प्रभाव का अभिनय करता है)। चिकित्सा करके (अब) स्वस्थ हूँ। (फिर काम करके और देख कर) अये, दीपक जल रहा है, क्योंकि—

पीली प्रदीप की सोनेसी शिखा, भूतलपर सेंधके मुँह से निकली,
सब ओर अन्धकारसे घिरी कसौटी पर पड़ी सोनेकी रेखा सी चमक रही है।

(फिर काम करके) सेंध समाप्त हो गई। अच्छा, घुसता हूँ, अथवा नहीं घुसूँगा। प्रतिबिम्ब डालता हूँ। (वैसा करके) अये, कोई नहीं है। नमः कार्तिकेयाय। (घुस कर और देख कर) अये दो पुरुष सोये हैं। अच्छा, आत्मरक्षा के लिये द्वार खोलता हूँ। घरके पुराने होने के कारण किवाड़ आवाज करता है क्यों? तो पानी ढूँढ़ता हूँ। कहाँ पानी होगा? (इधर-उधर देख कर पानी लेकर डरता-डरता उसे डालता है) जमीन पर गिर कर आवाज न करे। (काठ से देख कर किवाड़ को उघाड़ कर) अच्छा, ऐसे अब परीक्षा करता हूँ। क्या ये दोनों नकली सोये हैं या सचमुच सोये हैं ? (डराकर परीक्षा करके) अये, ये सचमुच सोये होने चाहिये। (चारों ओर देख कर) अये, क्या (यह) मृदंग है, यह दर्दुर, यह ढोलक, यह वीणा भी, ये बांसुरियां, ये पोथियां। क्या यह नाट्याचार्य का घर है ? अथवा (विशाल) भवन का विश्वास करके घुसा हूँ, तो क्या यह सचमुच का दरिद्र है ? या राजा के भय से चोर के भय से धरनी (के भीतर) छिपा द्रव्य है ? अच्छा, (चमत्कारिक) बीज डालता हूँ। (वैसा करके) डाला बीज कहीं फाड़कर बाहर नहीं आता है। अये, यह सचमुच का दरिद्र है। अच्छा जाता हूँ।]

आ (तर्क-वितर्क करने का अव्यय) द्रव्यं (वस्तु, धन) अस्मद्विधः (हमारे जैसा) मापयति (नापता है) कर्ममार्गः (काम का स्थान) प्रयोगः (जोड़) यन्त्रं (ताला) उद्घाटकः (उघाड़ने का साधन) भुजंगः (सांप) दष्टः (डंसा) परिवेष्टनं (लपेटा) विषवेगः (विष का जोर) पिंजरा (पीली)

पर्यन्तः (छोरों पर) कषः (कसौटी का पत्थर) प्रतिपुरुषः (परछाई) तद् यावद् (सो) सलिलं (पानी) परमार्थः (सचमुच का) सुप्तः (सोया) लक्ष्यं (नकली) उत (या) भूमिस्थं (धरती में छिपाया) बीजं (धन बतलानेवाला बीज) स्फारं (फाडा)।

सन्-अन्त (सन्नन्त) इच्छा-सहित क्रिया के लिये आता है, धातु के अन्त में स् बढ़ा देने के कारण इसका सन्नन्त नाम पड़ा। भू + सन् (होने की इच्छा) जैसे :—

लट्	बुभूषति	बुभूषतः	बुभूषन्ति
	बुभूषसि	बुभूषथः	बुभूषथ
	बुभूषामि	बुभूषावः	बुभूषामः
लिट्	बुभूषाञ्चकार	बुभूषाञ्चक्रतुः	बुभूषाञ्चक्रुः
लुट्	बुभूषिता	बुभूषितारौ	बुभूषितारः
लृट्	बुभूषिष्यति	बुभूषिष्यतः	बुभूषिष्यन्ति
लोट्	बुभूषतु	बुभूषतां	बुभूषन्तु
लङ्	अबुभूषत्	अबुभूषतां	अबुभूषन्
लिङ् (विधि)	बुभूषेत्	बुभूषेतां	बुभूषेयुः
लिङ् (आशीः)	बुभूष्यात्	बुभूष्यास्तां	बुभूष्यासुः
लुङ्	अबुभूषीत्	अबुभूषिष्टां	अबुभूषिषुः
लृङ्	अबुभूषिष्यत्	अबुभूषिष्यतां	अबुभूषिष्यन्

ऐसे ही निम्न भी—

तितर्जिषति (तर्जना चाहता है) पिपठिषति (पढ़ना चाहता है)
जुगुंजिषति (गूंजना०) पिफलिषति (फलना०)
निनिन्दिषति (निन्दा०) जिजीविषति (जीना०)
विव्रजिषति (जाना०) रिरक्षिषति (रक्षा०)
निनदिषति (नाद करना०) टिष्ठिविषति (थूकना०)
चुचुंबिषति (चूमना०) चिस्खलिषति (गिरना०)
निनटिषति (नटन करना०) आटिटिषति (अटन करना०)

३ तृ०

मिमंडिषति (मंडन करना०) जिजल्पिषति (बोलना०)
बिभणिषति (कहना०) पुफुल्लिषति (फूलना०)
चिकंपिषति (कांपना०) बुभूषिषति (भूषित करना०)

नवमः पाठः

विदूषकः—(उत्स्वप्नायते) भो वयस्य, सन्धिरिव दृश्यते, चौरमिव पश्यामि। तद् गृह्णातु भवान् इदं भांडम्।

शर्विलकः—किन्नु मां प्रविष्टं ज्ञात्वा ? तत् किं मारयामि ? अथवा उत्स्वप्नायते। (दृष्ट्वा) अये, पुराणशाटिकानिबद्धं सत्यमेव इदं अलङ्कारभांडं दीपप्रकाशेन उद्दीप्तम्। भवतु, गृह्णामि। अथवा न युक्तं तुल्यावस्थं कुलपुत्रजनं पीडयितुम्। तद् गच्छामि।

विदूषकः—भो वयस्य, शापितोऽसि गोब्राह्मणशपथेन, यदि एतत् सुवर्णभांडं न गृह्णासि।

शर्विलकः—अनतिक्रमणीयो गोब्राह्मणशपथः, तद् गृह्णामि। अथ ज्वलति प्रदीपः। अस्ति च मम समीपे प्रदीपनिर्वाणार्थम् आग्नेयः कीटः। तस्य अयं समयः। (कीटं मुञ्चति)। मया मुक्तेन कीटेन पक्षद्वयानिलेन निर्वापितो दीपः। धिक्, कृतं अन्धतमः। अथवा मयाऽपि ब्राह्मणकुले कृतं अन्धकारम्। अहं हि चतुर्वेदविदो ब्राह्मणस्य पुत्रः शर्विलको नाम, स च अहं गणिकामदनिकार्थं इदं करोमि। (इति जिघृक्षति)

विदूषकः—भो वयस्य, शीतलस्ते हस्तः।

शर्विलकः—धिक्, प्रमादः। सलिलसंपर्कात् शीतलो मे हस्तः। भवतु, कक्षायां हस्तं प्रक्षिपामि (इति वामहस्तं उष्णीकृत्य गृह्णाति)।

विदूषकः—गृहीतम् ?

शर्विलकः—अनतिक्रमणीयं इदं ब्राह्मणवचनं, तद् गृहीतम्।

विदूषकः—इदानीं विक्रीतपण्यो वणिग् इव अहं सुखं स्वप्स्यामि ।

शर्विलकः—महाब्राह्मण, स्वपिहि वर्षशतम् । कष्टं, एवं मदनिकागणिकार्थं मया ब्राह्मणकुलं तमसि पातितम् । अथवा आत्मा पातितः । तद् यावद् मदनिकाया निष्क्रयणार्थं वसन्तसेनागृहं गच्छामि ।

—मृच्छकटिक (शूद्रक)

[विदूषक—(सपनाता है) हे मित्र, सेंध सी दीखती है, चोर सा देखता हूँ । सो आप ले लें इस सोनेकी वस्तुको ।

शर्बिलक—क्या मुझे घुसा जान कर ? तो क्या मारूँ ? अथवा सपनाता है । (देखकर) अये, पुरानी साड़ीमें बँधी सचमुच ही यह आभूषण-वस्तु दीपके प्रकाशसे चमक रही है । अच्छा, लेता हूँ । अथवा अपनी-सी अवस्था में पड़े कुल-पुत्र आदमी को पीड़ा देना ठीक नहीं । सो चलता हूँ ।

विदूषक—हे मित्र, गौ-ब्राह्मणकी शपथ है तुझे, यदि इस सोनेकी वस्तुको नहीं लेता ।

शर्बिलक—गौ-ब्राह्मण की शपथ का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता, सो लेता हूँ । पर दीप जल रहा है । मेरे पास दीप बुझाने के लिये अग्नि-कीट है । उसका यह समय है । (कीड़ा छोड़ देता है) । मेरे छोड़े कीड़े ने (अपने) दोनों पंखों की हवा से दीप बुझा दिया । धिक् घोर अंधकार कर दिया । अथवा मैंने भी ब्राह्मण-कुल में अन्धकार कर दिया । मैं जो चारो वेदों के ज्ञाता ब्राह्मण का पुत्र शर्बिलक नामक हूँ, सो मैं वेश्या मदनिका के लिये यह कर रहा हूँ । (इति लेना चाहता है) ।

विदूषक—हे मित्र, तेरा हाथ शीतल है ।

शर्बिलक—धिक्, भूल । पानी के सम्पर्क से मेरा हाथ शीतल है । अच्छा, कांख में हाथ को डालता हूँ । (इति बायेंहाथ को गरम करके लेता है) ।

विदूषक—ले लिया ?

शर्बिलक—ब्राह्मण का यह वचन इनकार नहीं किया जा सकता, सो ले रहा हूँ ।

विदूषक—अब सौदा बेंच लिये बनिये की तरह मैं सुख से सोऊँगा ।

शर्बिलक—महाब्राह्मण, सोता रह सौ बरस तक। कष्टं, मदनिका गणिका के लिये मैंने ब्राह्मणों के कुल को ऐसे अन्धकार में गिरा दिया अथवा अपने को ही गिरा दिया। सो (अब) मदनिका की दासता-मुक्ति के लिये वसन्तसेना के घर चलूँ।]

अदादिगण की सकर्मक उभयपदी अनिट् ब्रू (कहना) धातु—

लट्	ब्रवीति	ब्रूतः	ब्रुवन्ति
	ब्रवीषि	ब्रूथः	ब्रूथ
	ब्रवीमि	ब्रूवः	ब्रूमः
लिट् (वच् होकर)	उवाच	ऊचतुः	ऊचुः
	उवचिथ	ऊचथुः	ऊच
	उवाच, उवच	ऊचिव	ऊचिम
लुट्	वक्ता	वक्तारौ	वक्तारः
लृट्	वक्ष्यति	वक्ष्यतः	वक्ष्यन्ति
लोट्	ब्रवीतु, ब्रूतात्	ब्रूतां	ब्रुवन्तु
	ब्रूहि, ,,	ब्रूतं	ब्रूत
	ब्रवाणि	ब्रवाव	ब्रवाम
लङ्	अब्रवीत्	अब्रूतां	अब्रुवन्
	अब्रवीः	अब्रूतं	अब्रूत
	अब्रवं	अब्रूव	अब्रूम
लिङ् (विधि)	ब्रूयात्	ब्रूयातां	ब्रूयुः
	ब्रूयाः	ब्रूयातं	ब्रूयात
	ब्रूयां	ब्रूयाव	ब्रूयाम
लिङ् (आशीः, वच्)	उच्यात्	उच्यास्तां	उच्यासुः
	उच्याः	उच्यास्तं	उच्यास्त
	उच्यासं	उच्यास्व	उच्यास्म
लुङ्	अवोचत्	अवोचतां	अवोचन्
	अवोचः	अवोचतं	अवोचत
	अवोचं	अवोचाव	अवोचाम
लृङ्	अवक्ष्यत्	अवक्ष्यतां	अवक्ष्यन्

दशमः पाठः

तस्मिन् अतिरमणीये वसन्तकाले अवन्तिसुन्दरी नाम मानसार-नन्दिनी, तस्याः प्रियवयस्यया बालचंद्रिकया सह नगरोपान्ते रम्योद्याने विहारार्थं गता। तत्र कस्यचित् चूतपोतकस्य छायाशीतले अनङ्गं स्थापयामास। अथ गन्धकुसुमहरिद्रादिना नानाविधेन पूजाद्रव्यनिकरेण मनोभवं अर्चयन्ती रेमे। तत्र राजवाहनो रतिप्रतिकृतिं अवन्तिसुन्दरीं प्रष्टुकामोऽभूत्। काम इव वसन्तसहायः पुष्पोद्भवसहितो राजवाहनः तद् उपवनं जगाम। प्रविश्य च तत्र तत्र रसालतरुषु कोकिलकीरमधु-कराणां आलापं श्रावं श्रावं बभ्राम। विकसितेन्दीवरकह्लारकैरवराजीव-राजिषु केलिलोलकलहंसकलरवं शुश्राव। विमलशीतलसलिलललितानि सरांसि च दर्शं दर्शं शनैः ललनासमीपं अवाप। बालचंद्रिकया 'निःशङ्कं इत आगम्यतां' इति हस्तसंज्ञया समाहूतः पुरुहूत इव राजवाहनः कृशोदर्या अवन्तिसुन्दर्या अन्तिके जगाम।

सा मालवेन्द्रकन्यका मूर्तिमन्तं मन्मथं इव तमवलोक्य मन्दमारु-तान्दोलितलतेव मदनावेशवती चकम्पे। ततः लज्जया कानि कान्यपि भावान्तराणि अकरोत्। "ललनाजनेषु नूनं एष घुणाक्षरन्यायेन निर्मितो, नो चेद् ब्रह्मा एवंविधनिर्माणनिपुणो यदि भवेत्, तर्हि एतादृशीं अन्या-मपि तरुणीं किन्न करोति ?" एवं सानुरागं विलोकयतो राजवाहनस्य समक्षं स्थातुं लज्जिता सा सखीजनेषु अन्तरितगात्रा आकुंचितलोचनाभ्यां राजवाहनं विलोकयन्ती अतिष्ठत्।

—दशकुमारचरित्र (दंडी)

[उस अतिरमणीय वसन्तकाल में अवन्तिसुन्दरी नामक मानसार-पुत्री अपनी प्रिय सखी बालचन्द्रिका के साथ नगर के छोर पर एक रमणीय उद्यान में विहार के लिये गई। वहाँ किसी छोटे आम की छाया की ठंडी में कामदेव को स्थापित किया। फिर गंध, फूल, हल्दी आदि नाना प्रकार के द्रव्य-समूह से कामदेव की पूजा करती खेलती रही। वहाँ (राजकुमार) राजवाहन को भी रति के प्रतिचित्र अवन्तिसुन्दरी को देखने की इच्छा हुई। वसन्त के साथ कामदेव की तरह पुष्पोद्भव के साथ राजवाहन उस उपवन में गये। प्रवेश कर वहाँ-वहाँ आम के वृक्षों

पर कोयल, तोता, भँवरों के आलापको सुनते घूमने लगे। फूले नील-रक्त-पीत-श्वेत कमलों की पांतियों में क्रीड़ा-लोभी हंसों के कलरव को सुनते रहे। विमल और शीतल जल से सुन्दर सरोवरों को देखते-देखते ललनाओं के समीप पहुँचे। बालचन्द्रिका द्वारा हाथ के इशारे से "निर्भय यहाँ आइये" यह (प्रकट करते) बुलाये गये इन्द्र से राजवाहन कृश-उदरवाली अवन्तिसुन्दरी के पास गये।

वह मालवराज की पुत्री साकार कामदेव से उन्हें देख मन्द हवा से चालित लता की तरह मदन के आवेश में आ काँप उठी। फिर लज्जा से कौन-कौन से दूसरे (हाव-) भाव प्रकट किये। "ललनाजनों में निश्चय ही यह घुणाक्षरन्याय से बनाई गई, नहीं तो यदि ब्रह्मा इस तरह के निर्माण में चतुर होता, तो ऐसी दूसरी भी तरुणी को क्यों नहीं बनाता ?" (यह सोचते) अनुराग के साथ देखते राजवाहन के सामने खड़ी रहने में असमर्थ हो वह सखीजनों की आड़ में शरीर किये सिकुड़ी आँखों से राजवाहन की ओर देखती खड़ी रही।]

नन्दिनी (पुत्री) नगरोपान्तं (उपनगर) चूतपोतः (तरुण आम) अनंगः (कामदेव) मनोभवः (कामदेव) निकरः (समूह) रेमे (रमण करती रही, लिट्) प्रतिकृतिः (नकल) रसालः (आम) कीरः (तोता) श्रावं श्रावं (सुनते सुनते) बभ्राम (भ्रमण करता रहा) इन्दीवरं (नील कमल) कह्लारं (लालकमल) कैरवं (पीतकमल) राजीवं (श्वेत कमल) राजिः (पांती) केलिः (क्रीड़ा) लोलः (लोभी) कलरवः (मधुर शब्द) दर्शं दर्शं (देखते देखते) अवाप (पहुँचा, लिट्) संज्ञा (संकेत) पुरुहूतः (इन्द्र) कृशोदरी (पतले उदरवाली) अन्तिके (समीप) मूर्तिमान् (साकार देहधारी) आन्दोलिता (चालिता) चकम्पे (कंप गई, लिट्) भावः (हाव-भाव) घुणाक्षरन्यायः (घुन के काटे में अक्षर के निकल आने की तरह आकस्मिक बात) निर्माण (रचना) अन्तरितः (छिपा) आकुञ्चितः (सिकुड़ा)।

ब्रू (कहना) आत्मनेपदी, लट्—

ब्रूते	ब्रुवाते	ब्रुवते
ब्रूषे	ब्रुवाथे	ब्रूध्वे
ब्रुवे	ब्रूवहे	ब्रूमहे

लिट् (वच् के रूप में)

ऊचे	ऊचाते	ऊचिरे
ऊचिषे	ऊचाथे	ऊचिध्वे
ऊचे	ऊचिवहे	ऊचिमहे

लुट् (वच्)

वक्ता	वक्तारौ	वक्तारः
वक्तासे	वक्तासाथे	वक्ताध्वे
वक्ताहे	वक्तास्वहे	वक्तास्महे

लृट् (वच्)

वक्ष्यते	वक्ष्येते	वक्ष्यन्ते

लोट्

ब्रूतां	ब्रुवातां	ब्रुवताम्
ब्रूष्व	ब्रुवाथां	ब्रूध्वं
ब्रवै	ब्रवावहै	ब्रवामहै

लङ्

अब्रूत	अब्रुवातां	अब्रुवत
अब्रूथाः	अब्रुवाथां	अब्रूध्वं
अब्रुवि	अब्रूवहि	अब्रूमहि

लिङ् (विधि)

ब्रुवीत	ब्रुवीयातां	ब्रुवीरन्
ब्रुवीथाः	ब्रुवीयाथां	ब्रुवीध्वं
ब्रुवीय	ब्रुवीवहि	ब्रुवीमहि

लिङ् (आशीः, वच्)

वक्षीष्ट	वक्षीयास्तां	वक्षीरन्
वक्षीष्ठाः	वक्षीयास्थां	वक्षीध्वं
वक्षीय	वक्षीवहि	वक्षीमहि

लुङ् (वच्)

अवोचत	अवोचेतां	अवोचन्त
अवोचथाः	अवोचेथां	अवोचध्वं
अवोचे	अवोचावहि	अवोचामहि

लृङ् (वच्)

अवक्ष्यत	अवक्ष्येतां	अवक्ष्यन्त

एकादशः पाठः

सत्यकामो ह जाबालो जबालां मातरं आमंत्रयांचक्रे—'ब्रह्मचर्यं भवति, विवत्स्यामि, किं गोत्रोऽहमस्मि' इति ।

१. सा ह एनं उवाच—'नाहं वेद तात, यद्गोत्रस्त्वमसि, बहु अहं चरन्ती परिचारिणी यौवने त्वां अलभे। साऽहं एतत् न वेद, यद्गोत्रस्त्वमसि। जबाला तु नामाऽहं अस्मि, सत्यकामो नाम त्वमसि। स सत्यकाम एव जाबालो ब्रुवीथा' इति ।

२. स ह हारिद्रुमतं गौतमं एत्य उवाच—'ब्रह्मचर्यं भगवति वत्स्यामि, उपेयां भगवन्तं' इति ।

३. तं ह उवाच—"किं गोत्रो नु सोम्य, असि' इति। स ह उवाच—'न अहं एतद् वेद भो, यद्गोत्रोऽहं अस्मि। अपृच्छं मातरं, सा मा प्रत्यब्रवीत्—'बहु अहं चरन्ती परिचारिणी यौवने त्वां अलभे, साऽहं एतत् न वेद, यद्गोत्रस्त्वमसि, जबाला नामाऽहं अस्मि, सत्यकामो नाम त्वमसि' इति सोऽहं सत्यकामो जाबालोऽस्मि भो" इति।

४. तं ह उवाच—'न एतद् अब्राह्मणो विवक्तुं अर्हति। समिधं सोम्य, आहर, उप त्वं नेष्ये, न सत्याद् अगा' इति ।

(छान्दोग्य उपनिषद् अध्याय ४, खंड ४)

[सत्यकाम जाबाल ने (अपनी) माँ जबाला को संबोधित किया—'भवती (आप), ब्रह्मचर्य वास करना चाहता हूँ, मैं कौन गोत्र का हूँ ?' इति ।

१. उसने इसे कहा—'मैं नहीं जानती तात, जिस गोत्र का तू है। बहुत घूमती सेवकाई करती जवानी में मैंने तुझे प्राप्त किया। सो मैं यह नहीं जानती, जिस गोत्र का तू है। जबाला नामक मैं हूँ, सत्यकाम नामक तू है। सो सत्यकाम जाबाल ही तू कहना' इति।

२. वह (सत्यकाम) हारिद्रुमत् गौतम के पास जाकर बोला—'भगवान् के पास ब्रह्मचर्य वसना चाहता हूँ, भगवान् के पास उपनीत होऊँ' इति।

३. उसे (गौतम) ने कहा—'कौन गोत्रका सोम्य, तू है ?' इति। उस (सत्यकाम) ने कहा—'यह मैं नहीं जानता भो, जिस गोत्र का मैं हूँ। माँ से पूछा। उसने जवाब दिया—'बहुत घूमती सेवकाई करती जवानी में मैंने तुझे प्राप्त किया। सो मैं यह नहीं जानती, जिस गोत्र का तू है, जबाला नामक मैं हूँ, सो मैं सत्यकाम जाबाल हूँ, भो' इति।

४. उसको (गौतम ने) कहा—'यह अब्राह्मण नहीं कह सकता। समिधा ला सोम्य, तुझे उपनीत करूँगा। तू सत्य से नहीं विचलित हुआ।']

आमंत्रयांचक्रे (संबोधित किया) विवत्स्यामि (वसना चाहता हूँ) अलभे (मैंने पाया) वेद (जानती हूँ) ब्रुवीथाः (बोलना, विधि-अर्थ) एत्य (आकर) उपेयां (पास आऊँ) सोम्य (प्रिय) भो (हे, सम्मानपूर्वक) प्रत्यब्रवीत् (उत्तर दिया) विवक्तुम् (बोलने को) अर्हति (सकता) अगाः (तू हटा) उप त्वं नेष्ये (उपनयन करूँगा, छान्दस प्रयोग में उपसर्ग धातु से दूर भी हो सकता है)।

यङन्त—धातु के अर्थ में अधिकता को जोड़नेवाला प्रत्यय है। भवति = होता है, बोभूयते = बहुत होता है। इसके रूप हैं—

लट्	बोभूयते	बोभूयेते	बोभूयन्ते
लिट्	बोभूयांचक्रे	बोभूयांचक्राते	बोभूयांचक्रिरे
लुट्	बोभूयिता	बोभूयितारौ	बोभूयितारः
लृट्	बोभूयिष्यते	बोभूयिष्येते	बोभूयिष्यन्ते
लोट्	बोभूयतां	बोभूयेतां	बोभूयन्तां
लङ्	अबोभूयत	अबोभूयेतां	अबोभूयन्त

लिङ् (विधि)	बोभूयेत	बोभूयेतां	बोभूयेरन्
लिङ् (आशीः)	बोभूयिषीष्ट	बोभूयिषीयास्तां	बोभूयिषीरन्
लुङ्	अबोभूयिष्ट	अबोभूयिषातां	अबोभूयिषत
लृङ्	अबोभूयिष्यत	अबोभूयिष्येतां	अबोभूयिष्यन्त

द्वादशः पाठः

रदनिका—(गत्वा सत्रासं) हा धिक्, हा धिक्, अस्माकं गृहे सन्धिं कर्तयित्वा चौरो निष्क्रामति। भवतु, मैत्रेयं गत्वा प्रबोधयामि। (गत्वा) आर्य, मैत्रेय, उत्तिष्ठ उत्तिष्ठ। अस्माकं गृहे सन्धिं कर्तयित्वा चौरो निष्क्रान्तः।

विदूषकः—(उत्थाय) आः, दास्याः पुत्रिके, किं भणसि चौरं कर्तयित्वा सन्धिः निष्क्रान्तः ?

रदनिका—हताश, अलं परिहासेन, किं न प्रेक्ष्यसे एतत् ?

विदूषकः—दास्याः पुत्रिके, किं भणसि, द्वितीयमिव द्वारं उद्घाटितमिति। भो वयस्य चारुदत्त! उत्तिष्ठ उत्तिष्ठ, अस्माकं गेहे सन्धिं दत्वा चौरो निष्क्रान्तः।

चारुदत्तः—भवतु, भो, अलं परिहासेन।

विदूषकः—भो, न परिहासः, प्रेक्ष्यतां भवान्।

चारुदत्तः—कस्मिन् उद्देशे ?

विदूषकः—भो, एषः। —मृच्छकटिक (शूद्रक)

[रदनिका—(जाकर डरके साथ) हा धिक्, हा धिक्, हमारे घर में सेंध काट कर चोर निकल गया। अच्छा, मैत्रेय को जाकर जगाऊँगी। (जाकर) आर्य मैत्रेय, उठ उठ। हमारे घर में सेंध काटकर चोर निकल गया।

विदूषक—(उठ कर) आः दासी-पुत्री, क्या कहती है, चोर को काट कर सेंध निकल गई ?

रदनिका—हताश, रहने दो परिहास। क्या नहीं देखते यह ?

विदूषक—दासी-पुत्री, क्या कहती है, (यह तो) दूसरा द्वार उघाड़ दिया है।
हे मित्र, चारुदत्त, उठ उठ, हमारे घर में सेंध देकर चोर निकल गया।
चारुदत्त—भो, रहने दो परिहास।
विदूषक—भो, परिहास नहीं, आप देखें।
चारुदत्त—किस जगह ?
विदूषक—भो, यह।]

अदादिगण, सकर्मक, परस्मैपदी अस् (होना) धातु—

लट्	अस्ति	स्तः	सन्ति
	असि	स्थः	स्थ
	अस्मि	स्वः	स्मः
लट् (भू)	बभूव	बभूवतुः	बभूवुः
लुट् (भू)	भविता	भवितारौ	भवितारः
लृट् (भू)	भविष्यति	भविष्यतः	भविष्यन्ति
लोट्	अस्तु, स्तात्	स्तां	सन्तु
	एधि, स्तात्	स्तं	स्त
	असानि	असाव	असाम
लङ्	आसीत्	आस्तां	आसन्
	आसीः	आस्तं	आस्त
	आसं	आस्व	आस्म
लिङ् (विधि)	स्यात्	स्यातां	स्युः
	स्याः	स्यातं	स्यात
	स्यां	स्याव	स्याम
लिङ् (आशीः)	भूयात्	भूयास्तां	भूयासुः
लुङ् (भू)	अभूत्	अभूतां	अभूवन्
लृङ् (भू)	अभविष्यत्	अभविष्यतां	अभविष्यन्

त्रयोदशः पाठः

चारुदत्तः—(विलोक्य) अहो, दर्शनीयोऽयं सन्धिः, कथं अस्मिन् अपि कर्मणि कुशलता ?

